**प्रधान कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ–226001**

पत्रांकः 498 /अ–2–1/2151–0201/14 दिनांकः 25/4/14

# कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश जल निगम अभियन्ता अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा विनियमावली–1978 के प्राविधानानुसार इस ज्ञाप के परिशिष्ट सं0–1 में अभिलिखित अभ्यर्थियों की इस ज्ञाप में लिखित शर्तों के अधीन वेतनमान रू0 15600 – 39100 + ग्रेड पे 5400 + अन्य भत्ते में सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर कार्यभार ग्रहण की तिथि से अस्थाई रूप से नियुक्ति की जाती है। इन्हें समय–समय पर उ0प्र0 जल निगम द्वारा स्वीकृत मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे। प्रश्नगत नियुक्ति नॉन पेंशनेबल होगी।

**नियुक्ति हेतु शर्ते–**

1. इन अभ्यर्थियों को परिशिष्ट सं0–01 में अंकित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम के कार्यालय में दिनांक 15.05.2014 तक कार्यभार ग्रहण की सूचना देनी होगी अन्यथा यह नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् अभ्यर्थी की तैनाती के आदेश संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा अलग से पारित किये जायेंगें।

2. प्रत्येक अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करते समय उनके द्वारा निम्न औपचारिकतायें पूर्ण करनी होंगी। यदि इनमें से कोई भी औपचारिकता पूर्ण नहीं होंगी तो यह नियुक्ति आदेश निरस्त समझा जायेगा।

2.1 अभ्यर्थी को रू0 100000.00 (एक लाख) का बॉन्ड संलग्न निर्धारित प्रारूप–1 के अनुसार देना होगा। बॉन्ड भरने के लिए निर्देश उक्त प्रारूप के साथ उपलब्ध हैं।

2.2 अभ्यर्थी को संस्था जहाँ पर उसने अन्तिम शिक्षा प्राप्त की है, के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा, जिसे बाद में लौटा दिया जायेगा। अभ्यर्थी को इस प्रमाण पत्र की सत्य–प्रमाणित दो प्रतियाँ भी उपलब्ध करानी होंगी।

2.3 उक्त चरित्र प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अभ्यर्थी को दो प्रादेशिक अथवा केन्द्र सरकार के राजपत्रित अधिकारियों से भी संलग्न प्रारूप–2 के अनुसार चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे जो अभ्यर्थी को भली–भांति जानते हों परन्तु रिश्तेदार न हों, चरित्र सम्बन्धित पूर्ववृत्त सत्यापन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना प्रारूप–2–अ पर प्रस्तुत करनी होगी।

2.4 अभ्यर्थी को निम्नलिखित प्रमाण पत्र मूलरूप में प्रस्तुत करने होंगे जो बाद में लौटा दिये जायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा इन प्रमाण पत्रों की दो–दो प्रमाणित सत्य प्रतिलिपियां भी प्रस्तुत करनी होंगी–

अ– हाई स्कूल प्रमाण पत्र

ब– अन्य शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र एवं अंक तालिका

स– इंजीनियरिंग परीक्षा की उपाधि

द– इंजीनियरिंग परीक्षा की अंकतालिका

य– आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को संलग्न प्रपत्र (प्रारूप–5) पर आरक्षण सम्बन्धित प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पणी–**

जिस अभ्यर्थी को सम्बन्धित संस्था द्वारा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र अथवा उपाधि अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गयी है, वे इस आशय का वचन पत्र देंगे कि उपाधि प्राप्त होते ही इसकी 02 नग प्रमाणित प्रति सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को उपलब्ध करानी होगी।

2.5 अभ्यर्थी को अपने वैवाहिक स्थिति के बारें में निर्धारित प्रारूप–3 पर प्रमाण पत्र देना होगा।

2.6 अभ्यर्थी को सत्यनिष्ठा से सम्बन्धित शपथ निर्धारित प्रारूप–4 में लिखित रूप में लेनी होंगी।

2.7 अभ्यर्थी को अपनी चलएवं अचल सम्पत्ति का ब्यौरा देना होगा।

2.8 यदि अभ्यर्थी किसी अन्य विभाग में कार्यरत है तो उन्हें उस विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करके प्रस्तुत करना होगा।

3. मुख्य अभियन्ता के कार्यालय में कार्यभार ग्रहण के पश्चात प्रथम तैनाती का स्थान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया जायेगा।

4. अभ्यर्थियों को मुख्य अभियन्ता के कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा। मुख्य अभियन्ता के कार्यालय से निर्गत प्रशिक्षण स्थल/प्रथम तैनाती स्थान तक केवल स्वयं का साधारण यात्रा–भत्ता/वास्तविक यात्रा काल नियमानुसार देय होगा। अभ्यर्थियों को प्रथम तैनाती स्थान तक उनके परिवार के सदस्यों एवं घरेलू सामान इत्यादि के लिए यात्रा–भत्ता कार्यभार ग्रहण काल देय नहीं होगा।

5. अभ्यर्थी की नियमित नियुक्ति इस शर्त के साथ है कि उनके स्थाई निवास स्थान के जिलाधिकारी द्वारा उनके चरित्र सम्बन्धी पूर्ववृत्त का सत्यापन कर दिया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा उनके चरित्र सम्बन्धी पूर्ववृत्त के सत्यापन के उपरान्त ही उनकी सेवा अवधारित मानी जायेगी। यदि इस सत्यापन में कोई अवाँछित स्थिति सामने आती है तो उनकी सेवायें तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी। इस सत्यापन को यथासम्भव शीघ्र सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में कार्यवाही नियुक्ति अधिकारी/प्रथम तैनाती स्थान के कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यथास्थिति की जायेगी।

6. अभ्यर्थी को अपने व्यय पर जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से चिकित्सीय रूप से स्वस्थ घोषित करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि अभ्यर्थी को चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित नहीं किया जाता है तो उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त समझी जायेगी।

7. अभ्यर्थी की सेवा नियमानुसार नियुक्ति अधिकारी द्वारा किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा एक माह का अग्रिम वेतन देकर समाप्त की जा सकती है। यह प्राविधान प्रस्तर–2.1 में उल्लिखित बॉड की शर्तों के अनुसार लागू होगा।

**<u>संलग्नकः प्रारूप 1 से 5 तक एवं परिशिष्ट सं0–1</u>**

(राजेन्द्र कुमार)
मुख्य अभियन्ता (अ–2–1)

**<u>पृ0सं0 एवं दिनांक यथोक्त–</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/वित्त निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
   **(संलग्नक–परिशिष्ट–01)**

2. मुख्य अभियंता, (गोरखपुर क्षेत्र/इलाहाबाद क्षेत्र/फैजाबाद क्षेत्र/एन0यू0आर0एम0), उत्तर प्रदेश जल निगम, गोरखपुर/इलाहाबाद/फैजाबाद/लखनऊ को संलग्नक सहित इस आशय से प्रेषित कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों में संलग्न परिशिष्ट–1 में उल्लिखित अभ्यर्थियों के तैनाती आदेश निर्गत करते हुए एवं तत्संबंधित विज्ञप्ति संख्या 94/मु0अ0/अ–2–1/कैम्प/13, दिनाांक 10.05.2013 में उल्लिखित शर्तों का संज्ञान लेते हुए सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराने एवं दिनांक 15.05.2014 तक कार्यभार ग्रहण कराते हुए कार्यभार की सूचना (समस्त अभिलेखों की छायाप्रति सहित) इस कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।
   **(संलग्नकः– परिशिष्ट–01 एवं प्रारूप 01 से 05 तक।)**

3. सम्बन्धित मान्यता प्राप्त संगठन, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ। **(परिशिष्ट संख्या– 01)**

4. अभ्यर्थी नाम से–

24.4.2014
मुख्य अभियन्ता (अ–2–1)

परिशिष्ट–1

पत्रांक 498 / अ–2–1 / 2151–0201 / 14 दिनांक: 25/4/14

# LIST OF CANDIDATES RECRUITED FOR THE POST OF ASSISTANT ENGINEER (CIVIL)

| Sl. No | Name of candidate | Father's name | Roll No. | Permanent Address | E- mail Address | Mobile No. | Date of Birth | Home District | category | Zone where posted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | SARVSHRI | SARVSHRI | | | | | | | | |
| 1 | ALOK PATEL | RAM NARAYAN PATEL | 115010055 | Mohalla- Ragholi, Tehsil- Garautha, Distt- Jhansi (U.P) | jhsalokpatel231@gmail.com | 9936502672 | 23/10/89 | Jhansi | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Allahabad |
| 2 | SACHIN SINGH | PHOOL CHANDRA SINGH | 116040101 | Saraypur urf Laharpur, Thana- Inayat, Tehsil- Phoolpur, Dist - Allahabad (U.P) | ssachin250@gmail.com | 9711949682 | 14/07/89 | Allahabad | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 3 | NAUSHAD AHMAD | SHOEB AHMED | 103010033 | Jamilabad, Thana- Phoolpur, Tehsil- Phoolpur, Distt- Allahabad (U.P) | naushad.kaif7@gamil.com | 8004534064 | 15/03/90 | Allahabad | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 4 | ISRAR AHMAD | ALI AHMAD | 104010041 | Mohalla-Sagalpur, Thana- Bhojipura, Tehsil-Sadar, Distt-Bareiley. (U.P) | israrahmad.amu@gmail.com | 9027347064 | 08/04/88 | Bareiley | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Faizabad |
| 5 | SURAJ VERMA | SHREENATH VERMA | 109080064 | 49, Lohia Bihar,Sec-9, Indira Nagar, Lucknow (U.P) | suraj.verma97@gmail.com | 9415109454 | 18/03/89 | Lucknow | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 6 | DEEP NARAYAN NISHAD | RAMHET NISHAD | 109020107 | M.I.G.-I,/ 337, Phase-II, LDA Coloney, Tikaitrai, Lucknow (U.P) | deepnarain89@gmail.com | 885390047 | 01/07/89 | Lucknow | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 7 | ABU ZAID | MOOSA KALEEM | 102020010 | 1200, village-Hasvair, Thana- Hasvair, Distt- Ambedkar Nagar (U.P) | zaid2414@gmail.com | 9045647610 | 22/02/85 | Ambedkar Nagar | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 8 | AMIT RAJ | RAJESH YADAV | 103020067 | Vill- Kolpandey, Tehsil- Sadar, Distt- Azamgarh. (U.P) | amitraj2791@rediffmail.com | 8765711515 | 27/07/91 | Azamgarh | OBC | C.E., U.P. Jal Nigam , Gorakhpur |
| 9 | MISS. RADHIKA DAKSH | VED PAL SINGH | 116030370 | Ambedkar Coloney, Gali Number-Almaspur 07, Muzaffarnagar (U.P) | radhikadaksh.38@gmail.com | 7376012245 | 01/04/90 | Muzaffar nagar | OBC | C.E., (N.U.R.M) U.P. Jal Nigam , Lucknow |

24.4.2014

(Rajendra Kumar)
Chief Engineer (E-2-1)